समाचार

लालूराम कालोनी के जलभराव की समस्या दूर करने होगी ठोस कार्यवाही

(महापौर, आयुक्त व सभापति ने किया स्थल निरीक्षण, पानी निकासी की व्यवस्था बनाने हेतु त्वरित रूप से सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिए निर्देश)

कोरबा 12 दिसम्बर 2020 –बरसात के समय लालूराम कालोनी में होने वाली जलभराव की वर्षो पुरानी समस्या के निराकरण हेतु निगम ठोस कार्यवाही करेगा। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, आयुक्त श्री एस.जयवर्धन एवं सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने स्थल का निरीक्षण किया तथा पानी निकासी की निर्वाध व्यवस्था बनाने हेतु सर्वे का कार्य त्वरित रूप से पूरा कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश अभियंताओं को दिए। इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री संतोष राठौर, एल्डरमेन एस.मूर्ति, अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, कार्यपालन अभियंता आर.के.चौबे आदि उपस्थित थे।

यहां उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा के टी.पी.नगर जोनांतर्गत स्थित लालूराम कालोनी में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या प्रतिवर्ष उत्पन्न होती है, कालोनी स्थित नाले में समुचित रूप से पानी की निकासी न होने, पानी के बहाव में अवरोध पैदा होने के कारण यह समस्या बनी हुई है, बर्षो पुरानी इस समस्या के स्थाई निराकरण के लिए निगम ठोस कार्यवाही करने जा रहा है। आज महापौर, आयुक्त एवं सभापति ने अभियंताओं के साथ स्थल का निरीक्षण किया तथा पानी की निकासी के संबंध में स्थाई व्यवस्था बनाने हेतु सर्वे का कार्य त्वरित रूप से पूरा कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालन अभियंता को दिए। इस दौरान आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने कहा कि पानी निकासी हेतु ढलान का अभाव होने की स्थिति में एक नई तकनीक पाईपपुश टेकनिक के माध्यम से पानी की निकासी सुगम रूप से की जा सकती है, इसके लिए हीरो होण्डा एजेंसी के पास स्थित नाले से कनेक्ट करते हुए रोड एवं रेलवे लाईन को नीचे से क्रास कर पुश टेकनिक से पानी की निकासी की व्यवस्था की जा सकती है, अतः इस दिशा में त्वरित रूप से सर्वे करें तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस दौरान महापौर, आयुक्त व सभापति ने सुनालिया पुल से गेरवा राताखार रोड तक बनने वाले नाला के निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को नाला निर्माण के संबंध में तकनीकी मार्गदर्शन देते हुए कार्य के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।